भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 16 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार , 02 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## ढाबे पर उत्पात, तोड़फोड़ और धमकियां , तीन आरोपी गिरफ्तार, व्यापारियों में आक्रोश





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मांडल थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-158 स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक ढाबे पर सोमवार देर रात कुछ युवकों ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। संचालक के मना करने पर मारपीट व तोड़फोड़ की गई। आरोपियों ने खुद को मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना का आदमी बताकर धमकाया और शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ढाबा संचालक अभय सिंह चुंडावत ने बताया कि रात 12 बजे ढाबा बंद हो चुका था। इसी दौरान 3-4 युवक पहुंचे और खाना मांगा। स्टाफ द्वारा मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद मारपीट की और ढाबे में तोड़फोड़ की। एक युवक ने अपना नाम अंतिम व्यास बताया और खुद को विधायक भड़ाना का करीबी बताते हुए कहा– शिकायत की तो देख लूंगा।

इस दौरान गश्ती पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने सुबह थाने आकर रिपोर्ट देने को कहा और वहां से रवाना हो गई। पुलिस के जाते ही आरोपी फिर कुछ देर तक उत्पात मचाकर धमकियां देते हुए चले गए। मंगलवार सुबह संचालक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी, जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ढाबा स्टाफ में घटना के बाद भय का माहौल है।

उधर, स्थानीय व्यापारियों में इस घटना को लेकर रोष है। व्यापारियों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग के साथ रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है।

## चामुंडा माता मंदिर में फिर चोरी, गैस कटर से दानपात्र काटकर नकदी उड़ाई

### सोने-चांदी के आभूषण समेत सीसीटीवी कैमरे भी ले गए चोर, ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

जाली गांव स्थित ऐतिहासिक चामुंडा माता मंदिर एक बार फिर चोरी की वारदात का शिकार हुआ। सोमवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और गैस कटर से दानपात्र काटकर करीब एक लाख रुपये नकद चुरा लिए। चोरी सिर्फ नकदी तक सीमित नहीं रही– चोर मूर्ति पर चढ़ाई गई सोने की नथ, चांदी की आरती की थाली और चांदी की गाय भी उठा ले गए। यही नहीं, मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए लगाए गए पांच सीसीटीवी कैमरे भी चोर अपने साथ ले गए ।

इस संबंध में मंदिर पुजारी श्रवणलाल गुर्जर ने आसींद थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि यह पहली घटना नहीं है–23 जून को भी एक व्यक्ति चोरी की नीयत से मंदिर में घुसा था, जिसकी हरकतें सीसीटीवी में कैद हो गई थीं। 24 जून की रात को भी तीन चोरों ने मंदिर में घुसकर दो दानपात्रों को तोड़कर नकदी चुरा ली थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से मंदिर प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे जिला मुख्यालय पर जाकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।

## भाजपा के 7 विधानसभाओं में 15 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिले की सात विधानसभाओं में 15 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भीलवाड़ा विधानसभा में चार, शाहपुरा, मांडल और आसींद विधानसभा में एक - एक, जहाजपुर में चार, मांडलगढ़ एवं सहाड़ा विधानसभा में दो - दो मंडल अध्यक्ष घोषित किए गए है। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने भीलवाड़ा विधानसभा के सुभाष मंडल में ऋतु शेखर शर्मा, शास्त्री मंडल में रमेश खोईवाल, गणेश मंडल में मुकेश सोनी और प्रताप मंडल में नागेन्द्र सिंह राव को मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। इसी प्रकार शाहपुरा विधानसभा के शाहपुरा ग्रामीण मंडल में जीवराज गुर्जर, मांडल विधानसभा के ज्ञानगढ मंडल में लादूलाल गुर्जर, जहाजपुर विधानसभा के जहाजपुर ग्रामीण मंडल में मांगी लाल जैन, गाडोली मंडल में महेन्द्र तिवाड़ी, कोटडी मंडल में प्रहलाद सेन और पारोली मंडल में दुर्गा लाल धाकड़ को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। मांडलगढ़ विधानसभा के माण्डलगढ़ ग्रामीण मंडल में श्याम लाल अहीर, महुआ मंडल में बृजमोहन शर्मा, सहाड़ा विधानसभा के सहाड़ा ग्रामीण मंडल में धनसिंह राठौड़, गंगापुर ग्रामीण मंडल में राजेश जाट और आसींद विधानसभा के गुलाबपुरा मंडल में इन्द्रजीत सिंह राठौड़ को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है।

### मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करे मंडल अध्यक्ष - मेवाड़ा

मंडल अध्यक्षों की घोषणा के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने निर्देशित किया कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने अपने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करे और पार्टी की रीति नीति एवं विचारधारा को जन जन तक पहुंचाए। इसी के साथ उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को भी अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही।






## फिर बेनकाब हुए बजरी माफिया - प्रशासन की मिली भगत व अवैध खनन माफियाओ की निर्भीकता पर उठे सवाल



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के रायपुर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही मे एक बार फिर रायपुर मे नया मामला सामने आया, जहाँ एक बजरी से लदा ट्रैक्टर अचानक खराब हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन वहीं रुक गया। स्थिति बिगड़ती देख चालक ने तत्काल बजरी खाली की और मौके से फरार हो गया। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली और अवैध खनन माफियाओं की निर्भीकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब बजरी से भरे वाहन बेधड़क घूमते नजर आए हैं। प्रशासन की अनदेखी और कार्रवाई के अभाव में माफिया दिनदहाड़े खुलेआम अवैध खनन कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन और बजरी माफिया की मिलीभगत के चलते कार्रवाई सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई है। यह ताजा उदाहरण इस बात की पुष्टि करता है कि अवैध बजरी कारोबार पर अब तक कोई ठोस अंकुश नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। क्या भय के चलते लोग कुछ नहीं बोलते, या कहीं न कहीं सामूहिक चुप्पी ने भी इस पूरे नेटवर्क को मजबूत कर रखा है? अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस पर कोई कठोर कदम उठाएगा या यह घटनाएं यूं ही जारी रहेंगी?

## अवैध बजरी स्टॉक एवं परिवहन से राज्य सरकार को राजस्व चपत

### खनिज विभाग की अनदेखी से सावर क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफिया



**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**

**(दिलखुश मोटीस)** सावर तहसील क्षेत्र के अनेक गांवों में इन दिनों खनिज विभाग की अनदेखी के चलते अवैध बजरी खनन, स्टॉक और परिवहन का गोरखधंधा जोरों पर है, जिससे राज्य सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की चपत लग रही है। सूत्रों के अनुसार, मानसून पूर्व बजरी माफियाओं द्वारा खनन कर बनाए गए अवैध स्टॉक को अब रात के समय चोरी-छिपे ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है। बारिश के चलते नदी और खालों में पानी भर जाने से वैध लीजधारकों की खनन गतिविधियाँ ठप हो गई हैं, वहीं दूसरी ओर माफिया सक्रिय हो गए हैं।

**लीजधारकों का आरोप**

अधिकृत लीजधारकों के मैनेजर भीम सिंह ने बताया कि गोठड़ा, देवमण्ड, मेहरूकला समेत कई गांवों में अवैध बजरी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मानसून सत्र में खनन पर रोक है, जिसके चलते वैध लीजधारक बजरी नहीं निकाल पा रहे हैं। लेकिन अवैध स्टॉक को चोरी-छिपे बेचकर माफिया मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और सरकार को राजस्व का भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

भीम सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

**इनका कहना है**

ऐसे अवैध बजरी स्टॉक की जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज तंवर , सहायक खनिज अभियंता सावर**

यदि सरकारी भूमि पर अवैध स्टॉक पाया गया, तो उसे जब्त कर संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**भगवती प्रसाद वैष्णव , तहसीलदार सावर**

## नौगामा राजसमंद से अयोध्या जा रहे पैदल यात्रियों का शाहपुरा में भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नौगामा राजसमंद से अयोध्या के लिए रवाना हुए पैदल रामभक्त यात्रियों का सोमवार को शाहपुरा आगमन पर नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने में हिंदू जागरण मैं के जिला संयोजक हनुमान धाकड़, विनोद गंगवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत, शंकर लाल धाकड़, रामनारायण कुमावत, परमेश्वर कुमावत, दिनेश कुमावत, राजेंद्र कुमावत, द्वारा यात्रा के दौरान पैदल यात्रियों को कालिंजरी गेट स्थित ठाकुर बाबा की बगीचे के मंदिर में रात्रि विश्राम करवाया, जहां उनके विश्राम एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई।

यात्रियों की टोली में प्रमुख रूप से रामू राजस्थानी कुमावत, शांतु मेवाड़ी कुमावत एवं किशन जी जागीड़ शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये श्रद्धालु प्रतिदिन लगभग 40 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर रहे हैं और कुल 1100 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर अयोध्या पहुंचेंगे।

रामभक्तों की इस आस्था यात्रा को लेकर नगर में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सेवा भावियों ने यात्रियों का पुष्प वर्षा, फल वितरण एवं जय श्रीराम के नारों के साथ स्वागत किया।

## श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन, श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

## देवसुति-कपिल, जड़भरत, अजामिल संवाद और प्रहलाद चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शास्त्रीनगर स्थित सूर्य महल में मंगरोप वाले काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन संत अर्जुनराम ने देवसुति-कपिल संवाद, जड़भरत-अजामिल प्रसंग और प्रहलाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया।

संत श्री ने राजा भरत के त्याग और भगवान के प्रति उनके प्रेम की व्याख्या करते हुए सांसारिक मोह से मुक्ति का संदेश दिया। प्रहलाद चरित्र में उन्होंने हिरण्यकशिपु के अत्याचारों के बीच प्रहलाद की अटूट भक्ति और भगवान नरसिंह के प्राकट्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कथा के दौरान भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। झांकियां विशेष आकर्षण रही। आयोजनकर्ता कैलाश चन्द्र काबरा ने बताया कि कथा प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 5 जुलाई तक चलेगी। अंत में संत श्री को अनेक श्रद्धालुओं द्वारा माला अर्पित की गई व संत ने सभी आगंतुकों को आशीर्वाद स्वरूप दुपट्टा पहनाया। काबरा परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न, नकली खाद-बीज और फसल सुरक्षा पर जताई चिंता



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद (भीलवाड़ा)।**

भारतीय किसान संघ की बैठक ग्राम पंचायत झालरिया के पापड़िया गांव में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की खेती संबंधी समस्याओं पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने कचरे के उचित निपटान के सुझाव रखते हुए कहा कि यह कदम गांव को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

किसानों ने बैठक में बताया कि नकली खाद और बीज से उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कार्यकारिणी ने इस पर गहरी चिंता जताई और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

इसके अलावा जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्या भी चर्चा का विषय रही। इस संबंध में किसानों ने तारबंदी पर सरकारी सब्सिडी देने का प्रस्ताव रखा ताकि फसलों को संरक्षित किया जा सके।

बैठक में जिला डेयरी व पशुपालन विभाग के कार्यकर्ता बालू सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम सरपंच जगदीश कुमावत और ग्राम समिति के सदस्य जगदीश, जोरा रामसिंह, नेता सिंह, श्रवण सिंह, अमर सिंह, ननका सिंह और नरपत सिंह ने भाग लिया।

महिला सहभागिता भी बैठक में देखने को मिली, जिसमें कंचन कंवर, राधा देवी और पूजा देवी जैसी सक्रिय महिला सदस्य शामिल रहीं।

बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप जल्द ही संबंधित विभागों को ज्ञापन भेजने और समस्याओं के समाधान हेतु कार्य योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया।

# नई सीधी नर्सिंग भर्ती को मेरिट एवं बोनस अंकों के आधार पर करवाने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति के बैनर तले सौंपा गया ज्ञापन, नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती शीघ्र जारी करने की मांग**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




राजस्थान संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति की भीलवाड़ा जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम सहाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी विपिन शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला सचिव संदीप बुलीवाल ने बताया कि आगामी नियमित सीधी भर्ती - नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला सहायक एवं रेडियोग्राफर के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र जारी करने की मांग की गई है। साथ ही इस भर्ती को मेरिट (योग्यता) एवं बोनस अंक (10, 20, 30 अंकों) के आधार पर करवाने की मांग रखी गई है।

### लिखित परीक्षा नहीं, सीधी भर्ती की मांग

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि भर्ती प्रक्रिया लिखित परीक्षा के स्थान पर सीधी भर्ती के रूप में की जाए।

दीपक शर्मा और विशाल सुवालका ने बताया कि 30 जून व 1 जुलाई को पूरे राजस्थान में विधायकों, जिला कलेक्टरों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

### भूतपूर्व कर्मचारियों को मिले न्याय

उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य सहायक के रूप में नियुक्त स्टाफ को बिना कार्य अनुभव के भी 15 बोनस अंक दिए गए थे, जिससे 2-3 वर्षों से सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारी इस प्रक्रिया से वंचित रह गए थे। ये सभी कर्मचारी अल्प वेतन पर लंबे समय से कार्यरत हैं और उन्हें आगामी भर्तियों में उचित वरीयता दी जानी चाहिए।

### 14,000 पदों पर शीघ्र जारी हो विज्ञप्ति

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि विधानसभा सत्र 2024-25 में घोषित 4,000 नर्सिंग अधिकारी और 2025-26 में घोषित 1,500 पैरा मेडिकल स्टाफ के पदों की संख्या बढ़ाकर कुल 14,000 पदों की विज्ञप्ति शीघ्र जारी की जाए।

इस दौरान महेंद्र, विजेश, दीपक, संदीप, विशाल सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरियाला राजस्थान अभियान के तहत छोटी बिजोलिया में लगेंगे 2000 पौधे

**विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पीपल का पौधा लगाकर किया शुभारंभ**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**





(मानव तिवाड़ी) राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷हरियाला राजस्थान अभियान÷ के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत छोटी बिजोलिया में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसकी पूर्व तैयारी के रूप में गड्ढों की खुदाई, वायर फेंसिंग एवं जल प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

**पीपल का पौधा लगाकर हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ -**

कार्यक्रम का शुभारंभ मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा पीपल का पौधा लगाकर किया गया। इसके बाद ग्रामवासियों, छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैंड-बाजे सहित जागरूकता यात्रा निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संदेश दिया गया।

**फल वाटिका और छायादार पौधे होंगे शामिल -**

ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने बताया कि वृक्षारोपण के तहत 1000 फलदार पौधों की वाटिका तथा 1000 छायादार व अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। यह प्रयास न केवल हरियाली को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय पर्यावरणीय संतुलन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

**ये रहे मौजूद-**

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार ललित डिडवानिया, सहायक अभियंता मोहन मीणा, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही।

# बिजोलिया खुर्द में आयोजित हुआ अंत्योदय पखवाड़ा शिविर, मौके पर ही हुआ समस्याओं का त्वरित समाधान





**भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया**

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय समबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत बिजोलिया खुर्द में विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने अध्यक्षता की।

शिविर में राजस्व, पेंशन, श्रम पंजीयन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आदि विषयों पर मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने समस्याओं का तत्काल समाधान होते देखा तो प्रशासन के प्रति विश्वास और उत्साह प्रकट किया।

### नाम शुद्धि, आपसी बंटवारा जैसे मामलों का त्वरित समाधान

- बिजोलिया खुर्द निवासी कसूर चंद रेगर ने नाम शुद्धि हेतु आवेदन किया, जिसे तहसीलदार ललित डीडवानिया ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद मौके पर ही स्वीकृत किया।
- बेरीसाल निवासी जीतमल धाकड़ ने भूमि आपसी बंटवारे का आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर उपखंड अधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार ने समझौते के आधार पर आदेश जारी किए। वर्षों पुराना विवाद सुलझने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### राजस्व व पंचायती राज विभाग की सक्रियता सराहनीय

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा -4 सीमाज्ञान,4 पत्थरगड़ी,8 नामांतरण,4 रास्ता प्रकरण,2 आपसी सहमति से बंटवारा - जैसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 13 पट्टों का वितरण किया गया।

चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगियों को 6 पोषण किट प्रदान की। ग्रामीणों ने इस शिविर में मिली त्वरित सेवाओं को प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया और आयोजन की सराहना की।

## QUICK BITES

### युवक ने पेड़ पर लटक कर की जीवन लीला समाप्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कोटडी उपखंड क्षेत्र में नंदराय के जोर का खेड़ा गांव में एक युवक ने आम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । सूचना पर कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची । थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि सूचना मिली की जोर का खेड़ा गांव में एक युवक ने फांसी का फंदा लगा लिया, जिस पर मय जाब्ता मौके पर पहुंचे, जहां जोर का खेड़ा, नंदराय निवासी सत्तू पिता चंद्रा माली का शव आम के पेड़ पर साफी से अटका हुआ मिला, पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारकर कोटड़ी चिकित्सालय पहुंचा, जहा शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । जानकारी के अनुसार मृतक युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था, जो भाइयों के साथ बगीचे खरीद कर फलों की सप्लाई का काम करता था, सोमवार शाम को ही मृतक युवक भीलवाड़ा से अपने घर लौटा था ।

### अश्विका ने साढ़े तीन साल की उम्र में रचा विश्व रिकॉर्ड

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



अश्विका माहेश्वरी ने मात्र साढ़े तीन वर्ष की आयु में राम स्तुति को एक मिनट 32 सेकंड में कंठस्थ सुनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। माता-पिता आंचल माहेश्वरी व अखिल सोडानी के अनुसार बचपन से ही उसे भक्ति में रुचि रही है। इस उपलब्धि में दादी ललिता सोडानी, बड़ी मां पिंकी माहेश्वरी व नानी सत्यबाला मूंदड़ा का भी योगदान रहा। संगीत शिक्षक नवीन राव ने सहयोग किया। आंचल माहेश्वरी ने कहा कि अच्छे संस्कारों से बच्चे असंभव को भी संभव कर सकते हैं।

### नर सेवा ही नारायण को पाने का सही माध्यमः उपमुख्यमंत्री बैरवा

**'भोजन रथ' योजना का किया अवलोकन, संगठन की सेवाओं की सराहना**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने अपने भीलवाड़ा दौरे के दौरान श्री गौ सेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित 'भोजन रथ' सेवा का अवलोकन किया। उन्होंने संगठन की सेवाभावी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण को पाने का सच्चा माध्यम है। यह संस्थान गौ संरक्षण के साथ-साथ मानवीय कल्याण में भी अनुकरणीय कार्य कर रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गौ सेवा मित्र मंडल जैसे संगठन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और इनका कार्य निःस्वार्थ सेवा की श्रेष्ठ मिसाल है, जो सरकार व समाज दोनों के लिए प्रेरणास्पद है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक भी उपस्थित रहे और उपमुख्यमंत्री को संगठन की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'भोजन रथ' के माध्यम से सामाजिक आयोजनों में बचा हुआ भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। संगठन अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि यह सेवा योजनाबद्ध, नियमित व अनुशासित रूप में शहर के उन नागरिकों के लिए संचालित की जा रही है, जो दैनिक आय के अभाव में भोजन से वंचित रहते हैं। उपमुख्यमंत्री बैरवा ने श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर पहुँचकर पूज्य माँ चैतन्य मीरा जी से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इस मौके पर बिलेश्वर डाड, सुनील शर्मा, बाबूलाल टाक, रेखा कोठारी, भूपेंद्र मोगरा, निधि शर्मा, प्रीती त्रिवेदी, अक्षत व्यास, लक्षित गर्ग, हृदयेश दाधीच, हर्षित ओझा, शुभांशु जैन, शुभम सोनी, अनिल सोनी, अभिषेक चंडालिया, संदीप संघवी, करण सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक कोठारी के प्रयासों से अनुकंपा नियुक्ति नियमों में बदलाव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी की पहल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनुकंपात्मक नियुक्ति नियमों में संशोधन किया है। एक हैड कांस्टेबल की सेवा के दौरान मृत्यु के बाद परिजनों ने पुत्र के लिए आवेदन किया था, लेकिन उस समय वह नाबालिग होने से पात्र नहीं माना गया।

विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया कि आवेदन समयावधि में ही प्रस्तुत किया गया था, इसलिए पात्रता से इनकार उचित नहीं। अब संशोधित नियमों के तहत यदि मृतक कर्मचारी की मृत्यु के समय पत्नी/पति उपलब्ध नहीं हैं, तो ज्येष्ठ पुत्र/पुत्री द्वारा बालिग होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर आवेदन मान्य होगा।

विधायक कोठारी ने सरकार की संवेदनशीलता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा दो दिवसीय स्वयंसिद्धा मेला 2025 का भव्य शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

लघु उद्योग भारती महिला इकाई भीलवाड़ा द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्वयंसिद्धा मेला 2025 का शुभारंभ मंगलवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव एवं लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र द्वारा किया गया।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्लेटफॉर्म है स्वयंसिद्धा मेला - कलेक्टर जसमीत सिंह**

इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह ने कहा कि यह मेला महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। ÷यह मंच महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करता है, जहां वे अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। राज्य में अब तक 70 से अधिक स्वयंसिद्धा मेले लग चुके हैं, जिनसे सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं।

**घर की इकोनॉमी को मजबूत करें महिलाएं - एसपी धर्मेन्द्र सिंह**

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने कहा, ÷महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और अपने घर की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएं, यही देश के विकास की नींव है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो पूरा समाज सशक्त होता है।

**25 से अधिक उत्पादों की 70 स्टॉल, वोकल फॉर लोकल पर ज़ोर**

महिला इकाई अध्यक्ष पल्लवी लड्ढा ने बताया कि मेले में भीलवाड़ा, जोधपुर, जयपुर, ब्यावर, अलवर, कोटा, राजसमंद, किशनगढ़ से आई महिला उद्यमियों ने हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी, साड़ी, कुर्ती, होम डेकोर, हैंडलूम, राखी, पोशाक, गिफ्ट आइटम, गृह निर्मित चॉकलेट सहित 25 से अधिक जीवनोपयोगी उत्पादों की 70 स्टॉल्स लगाई हैं। मेले में बच्चों एवं बड़ों के लिए स्वादिष्ट फूड स्टॉल्स भी लगाए गए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल एक व्यापारिक मंच बल्कि एक पारिवारिक उत्सव जैसा प्रतीत होता है।

**महिलाओं के प्रयासों को मंच देने की पहल**

अध्यक्षा पल्लवी लड्ढा ने कहा कि यह मेला महिला शक्ति के प्रयासों को एक पहचान देने और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम है।

**भीलवाड़ा शाखा ने हर्षोल्लास से मनाया ICAI का 77वां स्थापना दिवस**

# रक्तदान, वरिष्ठ सीए सम्मान, खेल प्रतियोगिता और प्रेरक उद्बोधनों के साथ आयोजित हुआ भव्य समारोह





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 77वें स्थापना दिवस पर भीलवाड़ा शाखा द्वारा विविध गतिविधियों के साथ भव्य आयोजन किया गया।

शाखा अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद वर्षों से पेशे में उत्कृष्ट योगदान दे रहे वरिष्ठ सीए सदस्यों सीए सुभाष समदानी, सीए कमल किशोर मोदी एवं सीए एन. के. जैन का सम्मान चांदी का सिक्का, नारियल, उपरना व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

**प्रेरक वक्तव्य- ICAI देश की वित्तीय रीढ़**

समारोह के मुख्य अतिथि सीए प्रवीण ओस्तवाल (एमडी - ओस्तवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज) एवं CIRC सदस्य सीए निर्भीक गांधी का भी स्वागत किया गया।

अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने कहा, ÷द्धष्ट्र केवल वित्तीय अनुशासन का प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त स्तंभ है। हम न केवल बैलेंस शीट संभालते हैं, बल्कि पारदर्शिता और विश्वास की नींव भी मजबूत करते हैं।

सीए प्रवीण ओस्तवाल ने कहा, ICAI 1949 से निरंतर देश, व्यापार और समाज के हर क्षेत्र में भरोसे की मिसाल बना हुआ है। युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अब जिम्मेदारी से आगे बढ़ना होगा।÷

सीए निर्भीक गांधी ने अपने संबोधन में कहा, ÷द्धष्ट्र हमेशा से गुणवत्ता, नैतिकता और सेवा के सिद्धांतों पर कार्य करता आया है। यह 76 वर्षों की गौरवशाली यात्रा हर सदस्य के समर्पण का प्रमाण है।

**105 यूनिट रक्त एकत्रित- समाज सेवा में भी आगे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स**

इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में CA नवीन काकानी, CA आलोक पलोड़, CA प्रदीप सोमानी व अंकित लखोटिया की अगुवाई में 105 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शाखा की ओर से रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**सीए स्पोर्ट्स महोत्सव- विजेताओं को किया सम्मानित**

शाखा सचिव सीए अक्षय सोडानी ने बताया कि जून माह में आयोजित सीए स्पोर्ट्स महोत्सव में बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज आदि खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। सभी विजेताओं, उपविजेताओं व प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**भविष्य की योजनाएं भी घोषित-**

अध्यक्ष सोमानी ने बताया कि आने वाले महीनों में भी कई शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जो छात्रों और सदस्यों के समग्र विकास को समर्पित रहेंगी।

**ये रहे उपस्थित-**

कार्यक्रम में सीए दिनेश सुथार (उपाध्यक्ष), सीए सत्यनारायण राठी (कोषाध्यक्ष), सीए पुलकित राठी (सिकासा अध्यक्ष), सीए पुनीत मेहता, सीए अशोक बोहरा, अरुण काबरा, नरेश माहेश्वरी, अतुल सोमानी, नवीन वागरेचा, कैलाश बाहेती, शिव कचोलिया, सुमित भंडारी, रजत गगरानी, अदिति गगरानी, नेहा काबरा, दमयंती लोहिया सहित 200 से अधिक सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब भीलवाड़ा सिटी ने किया डॉक्टर व सीए का सम्मान





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

लायंस क्लब भीलवाड़ा सिटी द्वारा क्लब की सामाजिक गतिविधि के रूप में डॉक्टर्स और सीए डे पर क्लब अध्यक्ष अतुल राठी के सान्धिय में डॉक्टर और सीए का सम्मान किया गया। क्लब सचिव दिनेश सोनी ने बताया की इस दौरान क्लब द्वारा कुल 11 जनो को श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीपी गोस्वामी, पीएमओ डॉ अरुण गौड, सहित डॉ मनीष सिंघल, डॉ जयराज वैष्णव, डॉ प्रदीप कटारिया, डॉ प्रवीण का सम्मान कर उनकी सेवाओ के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में सीए नवरत्न सोनी, सीए कमल मोदी, सीए मनोज चेचानी व अन्य 4 और सीए का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उनके सहयोग के लिए सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में लॉयन दिलीप तोषनीवाल, नंद किशोर दरक, सुरेश बिड़ला, भानु जैन, निर्मल गोखरू, जयवर्धन बडलावाला, बलवंत लढ़ा, विजय सिसोदिया, गजानन बजाज, गोपाल झंवर सहित अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# चंवरा के हनुमानजी के दानपात्र से निकली 1.60 लाख रुपये से अधिक की राशि

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चन्द्र डाड) मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री चंवरा के हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को दानपात्र खोला गया। समिति की देखरेख में खोले गए दानपात्र से कुल ?1 लाख 60 हज़ार 1×6 की राशि प्राप्त हुई।

इस अवसर पर चंवरा हनुमानजी विकास समिति के अध्यक्ष बालू राम अहीर, कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, नारायण गुर्जर, कालू सिंह चौहान, मोहन सिंह, किशना रेबारी, भंवर रेबारी, विनोद असावा, पुजारी रोशन वैष्णव व सांवर वैष्णव, उपाध्यक्ष गोपाल लाल गुर्जर, मोडीराम अहीर, जगदीश चंद्र पोरवाल, दिनेश पोरवाल, श्यामलाल किर, भोजा



गुर्जर, मूलचंद धाकड़, लक्ष्मण सिंह, छोटू गुर्जर, गोदू धाकड़ सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच सादगीपूर्ण वातावरण में दानपात्र की गिनती की गई, जिसमें श्रद्धा से दिए गए योगदान को देखते हुए समिति ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर साहू समाज की ओर से धर्मशाला निर्माण का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुए समाज के लोगों ने मंदिर क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित धर्मशाला निर्माण की आवश्यकता बताई। इस दौरान त्रिवेणी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष कैलाश साहू, गजेंद्र साहू, बालू साहू, सत्यनारायण साहू सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

5 जुलाई को कत्ल की रात एवं 6 जुलाई को मोहर्रम (ताजिया) (चांद से) के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये ।

जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी करते हुए सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा दिव्यराज सिंह चुण्डावत, व नायब तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी को, कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भीलवाडा दिनेश कुमार साहु व नायब तहसीलदार भीलवाडा रोनक शर्मा को तथा प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी चिमन लाल मीणा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया।

इसी प्रकार आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट के लिए तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत, का. तहसीलदार भू-अभिलेख भैरू लाल सुथार तथा नायब तहसीलदार सुवाणा पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए त्यौहार/अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेगे एवं सतर्कता बरतेगें। किसी भी महत्त्वपूर्ण घटना की सूचना उच्च अधिकारियो को देते हुए आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेंगें।

इन स्थानो के अलावा जिले के अन्य स्थानो के लिए संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेगें एवं सतर्कता बरतेगें तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने की सुनिश्चितता करेगे। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना उच्च अधिकारियो को देते हुए आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेगें।

कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अति0 जिला मजिस्ट्रेट (शहर) प्रतिभा देवठिया भीलवाड़ा शहर के लिए तथा अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा भीलवाड़ा शहर को छोड़कर सम्पूर्ण जिले के लिए प्रभारी मजिस्ट्रेट होगें।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने किया स्वयंसिद्धा मेले का अवलोकन, महिला उद्यमिता को बताया आत्मनिर्भर भारत की रीढ़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मंगलवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने अग्रवाल भवन में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित दो दिवसीय ÷स्वयंसिद्धा 2025 मेला÷ का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

डॉ. बैरवा ने मेले को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल बताते हुए कहा, ÷विकसित भारत की संकल्पना मातृ शक्ति के स्वावलंबी होने से ही संभव है। लघु उद्योग भारती जैसी संस्थाएं महिलाओं को बाजार से जोड़ने और आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। स्वयंसिद्धा जैसे आयोजन अवसरों के नए द्वार खोल रहे हैं।÷

**सेमिनार में बोले - आत्मनिर्भरता का रास्ता मातृशक्ति से होकर जाता है**

नगर निगम सभागार में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग भारती महिला सशक्तिकरण में विशेष भूमिका निभा रही है। यह मंच महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक प्रगति का रास्ता भी दिखा रहा है।

**डीआरडीओ वैज्ञानिक ने साझा किए अनुभव**

कार्यक्रम में भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (छ्रऋछ्ह) की वैज्ञानिक डॉ. मीना मिश्रा ने कहा कि ÷महिलाओं और बेटियों के लिए असीम संभावनाएं हैं। दृढ़ संकल्प से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।÷ उन्होंने






बताया कि उनकी टीम ने कई ऐसे चैलेंज पूरे किए जहां पहले कोई जानकारी ही नहीं थी - जैसे सेमीकंडक्टर चिप तैयार करना।

**सांसद दामोदर अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने की सराहना**

सांसद श्री दामोदर अग्रवाल ने लघु उद्योग भारती को सरकार और उद्यमियों के बीच सेतु बताया और कहा कि ÷भारत सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।÷

लघु उद्योग भारती की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू सिंह ने कहा कि यह मेला महिलाओं के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करता है।

भीलवाड़ा इकाई अध्यक्ष पल्लवी लड्ढा ने बताया कि मेले में स्थानीय महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अनेक महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, डॉक्टर्स व समाजसेविकाओं को सम्मानित भी किया गया।

**मेला शुभारंभ कलेक्टर व एसपी रहे उपस्थित**

इससे पूर्व मंगलवार सुबह जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र व सचिव नीता बंसल ने अतिथियों का स्वागत किया।

**70 स्टॉल्स, विविध उत्पाद, स्वादिष्ट व्यंजन**

नीता बंसल ने बताया कि मेले में भीलवाड़ा, जोधपुर, जयपुर, ब्यावर, अलवर, कोटा, राजसमंद व किशनगढ़ की महिला उद्यमियों ने हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी, साड़ी, कुर्ती, होम डेकोर, चॉकलेट, राखी, गिफ्ट आइटम आदि की 70 से अधिक स्टॉल लगाई हैं। साथ ही बच्चों और बड़ों के लिए विशेष फूड स्टॉल्स भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मेला बुधवार को भी जारी रहेगा और ÷वोकल फॉर लोकल÷ थीम पर आधारित है।

**उपस्थिति और मंच संचालन**

कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी, प्रशांत मेवाड़ा, चंदा मूंदड़ा, सरिता अग्रवाल, रेखा इनानी, आशा सोमानी, आशा अग्रवाल, शोभा डाड, सुमित्रा हुरकुट, रीटा गोयल, रक्षा जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन रीना डाड एवं शिखा भदादा द्वारा किया गया।

## QUICK BITES

# शांति समिति की बैठक सम्पन्नः मोहर्रम सहित सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान

**कलेक्टर बोले - सौहार्द और भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी, पुलिस रखेगी सोशल मीडिया पर पैनी नजर**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी मोहर्रम एवं अन्य पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्वक, सौहार्द और पारस्परिक सहयोग के साथ मनाने पर चर्चा हुई।

जिला कलेक्टर ने सभी समुदायों के प्रतिनिधियों से शांति, भाईचारा और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि ÷हर नागरिक का दायित्व है कि त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाने में सहयोग करे।÷ उन्होंने नगर परिषद को साफ-सफाई व विद्युत विभाग को लटकते तारों की मरम्मत जैसे निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ÷कानून व्यवस्था बिगाड़ने या धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।÷

उन्होंने आमजन से अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की अपील की।

बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवतिया, एएसपी पारस जैन, विभिन्न धर्मों व समुदायों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# जयश्री कल्याण मंडल ने शाहपुरा में किया पौधरोपण, विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



जयश्री कल्याण मंडल रासेड़ के तत्वावधान में मंगलवार को शाहपुरा हरित अभियान के तहत एक सघन पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नगर को हराभरा बनाना और आमजन व विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय मॉडल स्कूल व परिवहन कार्यालय परिसर में पौधे रोपित कर किया गया। इस मौके पर मंडल के प्रदेशाध्यक्ष पं. तेजेंद्र दाधीच, संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, जीव दया सेवा समिति के संयोजक अत्तू खां कायमखानी, राजकीय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य ईश्वर मीणा, परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार व मंडल के संरक्षक मूलचन्द पेसवानी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। पं. तेजेंद्र दाधीच ने वैदिक रीति से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण की शुद्धि के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अगली पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन देने का आधार भी हैं।÷

प्रधानाचार्य ईश्वर मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों के माध्यम से लगातार पौधरोपण करवाया जा रहा है।

परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि ÷आज के समय में वनों की अंधाधुंध कटाई से प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका पालन-पोषण करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य अतिथियों में परमेश्वर कुमावत, परिवहन विभाग के प्रभु दयाल सिंह (सहायक लेखाधिकारी), सुरेश कुमार गुर्जर (कनिष्ठ सहायक), सुलेमान खां कायमखानी, यातायात सलाहकार देवेंद्र योगी, अनिल लढा, इरफान खां कायमखानी आदि ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

पौधरोपण के बाद सभी अतिथियों ने मिलकर ÷हरित शाहपुरा, स्वच्छ शाहपुरा÷ का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। विद्यार्थियों में भी पर्यावरण के प्रति नई जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन जयश्री कल्याण मंडल के संरक्षक मूलचन्द पेसवानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट करते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890